आप अपने खाते में सेव की गई गतिविधि संबंधी जानकारी का पता लगाने और उसे प्रबंधित करने के लिए अपने Google खाते को देख सकते हैं.

Google खाते पर जाएं

## आपकी जगह की जानकारी

जब आप हमारी सेवाओं का इस्तेमाल करते हैं तो हम आपकी जगह के बारे में जानकारी इकट्ठा करते है. इससे हमें आपको कुछ सुविधाएं देने में मदद मिलती है, जैसे कि सप्ताह के आखिर में मौज-मस्ती के लिए आपको ड्राइविंग दिशा-निर्देश देने की सुविधा या आपके आस-पास के थिएटरों में फ़िल्मों का शोटाइम बताने की सुविधा.

आपकी जगह की अलग-अलग सटीक जानकारी नीचे दिए गए तरीकों से तय की जाती है :

- जीपीएस
- IP पता
- आपके डिवाइस से सेंसर डेटा
- आपके डिवाइस के पास की चीज़ों के बारे में जानकारी, जैसे कि वाई–फ़ाई एक्सेस पॉइंट, मोबाइल टावर और ब्लूटूथ सुविधा वाले डिवाइस

हम आपके लोकेशन के जिस तरह के आंकड़े इकट्ठा करते हैं, वे कुछ हद तक आपके डिवाइस और खाते की सेटिंग्स पर निर्भर करते हैं। उदाहरण के लिए, आप डिवाइस की सेटिंग्स ऐप का इस्तेमाल करके अपने Android डिवाइस के लोकेशन को चालू या बंद कर सकते हैं। अगर आप उन जगहों के निजी मैप बनाना चाहते हैं, जहां आप अपने साथ साइन इन किया हुआ डिवाइस लेकर जाते हैं, तो आप लोकेशन हिस्ट्री भी चालू कर सकते हैं।

कुछ परिस्थितियों में, Google आपके बारे में सार्वजनिक रूप से सुलभ स्रोतों से भी जानकारी इकट्ठा करता है. जैसे कि अगर आपका नाम आपके स्थानीय अखबार में छपता है तो, Google का सर्च इंजन उस लेख को इंडेक्स कर सकता है और दूसरे लोगों को दिखा सकता है, अगर वे आपका नाम खोजते हैं. हम आपके बारे में भरोसेमंद साझेदारों से भी जानकारी इकट्ठा कर सकते हैं. इनमें कारोबार से जुड़ी हमारी सेवाओं के संभावित ग्राहकों के बारे में जानकारी देने वाले मार्केटिंग पार्टनर (साझेदार) और दुर्व्यवहार से बचाव के बारे में जानकारी देने वाले सिक्योरिटी पार्टनर (सुरक्षा साझेदार) शामिल हैं. हम विज्ञापनदाताओं की ओर से विज्ञापन और अनुसंधान सेवाएं देने के लिए उनसे भी जानकारी प्राप्त करते हैं.

हम जानकारी जुटाने और उसे संग्रह करने के लिए बहुत सारी तकनीकों का उपयोग करते हैं, जिनमें शामिल हैं कुकीज़, पिक्सेल टैग, स्थानीय मेमोरी, जैसे कि ब्राउज़र वेब मेमोरी या ऐप्लिकेशन डेटा कैश, डेटाबेस और सर्वर लॉग.

